1000203 - C1

विद्यार्थी उत्तर-पुस्तिका में मुख पृष्ठ पर कोड नं. अवश्य लिखें।

Class - X
कक्षा - X

HINDI
हिन्दी

(Course A)
(पाठ्यक्रम अ)

निर्धारित समय : **3** घंटे] [अधिकतम अंक : **80**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **14** हैं।
- प्रश्न-पत्र में बाएँ हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए **15** मिनट का समय दिया गया है। इस अवधि के दौरान छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

निर्देश :

(i) इस प्रश्न-पत्र के **चार** खंड हैं — **क, ख, ग** और **घ**।

(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

खंड 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर छाँटकर लिखिए। **5**

हमारे चारों ओर प्रकृति का जो समूचा रूप दिखाई पडता है, या महसूस होता है, वही पर्यावरण है। प्रकृति और मानव का चिरंतन संबंध है। कहा जाता है कि मानव प्रकृति के पाँच विशिष्ट तत्वों - भूमि, वायु, जल, अग्नि और आकाश से निर्मित हुआ है। इन्हीं तत्वों के आपसी संतुलन, इनकी एक दूसरे की अनिवार्यता से बने वातावरण को हम पर्यावरण के रूप में जान सकते हैं। पर्यावरण अशुद्ध होना ही प्रदूषण है। प्रदूषण की समस्या आज की एक बड़ी समस्या है। यह समस्या विज्ञान की देन है। बढ़ते हुए उद्योग-धंधों से यह पनपी है। जब तक शहर नहीं बने थे, प्रदूषण का नामोनिशान नहीं था। प्रकृति में संतुलन बना हुआ था। वायु और जल शुद्ध थे, धरती उपजाऊ थी।

(1) मानव प्रकृति के कितने तत्वों से निर्मित है ? **1**

(क) तीन

(ख) पाँच

(ग) चार

(घ) सात

(2) हमारे चारों ओर प्रकृति का जो समूचा रूप दिखाई पड़ता है वही - **1**

(क) पर्यावरण है

(ख) विद्यालय है

(ग) परिवार है

(घ) देश है

(3) प्रदूषण क्या है ? **1**

(क) पर्यावरण का शुद्ध होना

(ख) पर्यावरण का विकास होना

(ग) पर्यावरण का अशुद्ध होना

(घ) पर्यावरण का विनाश होना

(4) 'जल और वायु' समस्त पद में प्रयुक्त समास का नाम है - **1**

(क) द्वन्द्व

(ख) कर्मधारय

(ग) तत्पुरुष

(घ) अव्ययीभाव

(5) इस गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक है - **1**

(क) विज्ञान का वरदान - प्रदूषण

(ख) विज्ञान की खोज - प्रदूषण

(ग) विज्ञान की देन - प्रदूषण

(घ) विज्ञान की लेन - प्रदूषण

2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर से सही विकल्प चुनकर लिखिए - **5**

आज की भारतीय शिक्षित नारी को अच्छी गृहिणी के रूप में न देख पाना पुरुषों की एकांगी दृष्टि का परिणाम है। विवाह के बाद बदली हुई उसकी मन:स्थिति तथा परिस्थितियों की कठिनाइयों पर ध्यान नहीं दिया जाता। उसकी रुचियों और भावनाओं की उपेक्षा की जाती है। पुरुष यदि अपने सुख के साथ पत्नी के सुख का ध्यान रखे, तो वह अच्छी गृहिणी हो सकती है। पत्नी और पति दोनों का कर्तव्य है कि वे एक-दूसरे के कार्य में हाथ बटाएँ और एक-दूसरे की भावनाओं, इच्छाओं और रुचियों का ध्यान रखें। आखिर नारी भी तो मनुष्य है। उसकी अपनी जरूरतें भी हैं और वह भी परिवार में, पड़ोस तथा समाज में सम्मान पाना चाहती है। यदि नारी त्याग की मूर्ति है, तो पुरुष को बलिदानी होना चाहिए।

(1) किसकी रुचियों और भावनाओं की उपेक्षा की जाती है ? **1**

(क) नारी की

(ख) पुरुष की

(ग) सन्त की

(घ) कवि की

(2) पुरुष को अपने सुख के साथ और किसके सुख का ध्यान रखना चाहिए? **1**

(क) स्वदेशी के

(ख) पत्नी के

(ग) पड़ोसी के

(घ) विदेशी के

(3) सुखी वैवाहिक जीवन के लिए पत्नी और पति को किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ? **1**

(क) एक-दूसरे के काम में हाथ बटाएँ

(ख) एक-दूसरे की भावनाओं का ध्यान रखें

(ग) एक-दूसरे की इच्छाओं और रुचियों का ध्यान रखें

(घ) उपर्युक्त तीनों

(4) यदि नारी त्याग की मूर्ति है तो पुरुष को होना चाहिए - **1**

(क) स्वार्थी

(ख) परिश्रमी

(ग) बातूनी

(घ) बलिदानी

(5) इस गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक है - **1**

(क) सुखी वैवाहिक जीवन का आधार

(ख) दुखी वैवाहिक जीवन का आधार

(ग) भारतीय नारी

(घ) अच्छी गृहिणी

3. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर से सही विकल्प छाँटकर लिखिए - **5**

दिन-दिन भर सोना
उठे भी तो भाग्य को रोना,
बहुत हुआ तो किताबों में
दिल-दिमाग खोना।
थोड़ी क्रियाशीलता जागी
तो पैड खींच
मित्रों को पत्र लिख
मोती पिरोना।
इन सब से सच मानो
कुछ नहीं होना!
जिंदगी को ऐसा न बनाओ
कि लगे बोझा ढोना।
दुनिया में बड़ी नियामतें हैं मित्र
ज़रा उठो, हौसला करो ना!
थोडा हाथ पैर चलाओ।
इन्हीं पैरों की चाप से
निर्झर फूटेंगे,
इन्हीं हाथों से तो
उगेगा सोना।

(1) जिंदगी बोझ कब बन जाती है ? **1**

(क) जब मनुष्य कर्मशील नहीं होता
(ख) जब मनुष्य कर्मशील होता है
(ग) जब मनुष्य परोपकारी नहीं होता
(घ) जब मनुष्य परोपकारी होता है

(2) थोड़ा हाथ-पैर चलाने से क्या होगा ? **1**

(क) लक्ष्यों से भटकाव
(ख) लक्ष्यों की प्राप्ति
(ग) कसरत
(घ) दूरी तय होगी

(3) 'इन सब से सच मानो, कुछ नहीं होता।' पंक्ति में कौन सा अलंकार निहित है? **1**

(क) उत्प्रेक्षा

(ख) उपमा

(ग) अनुप्रास

(घ) यमक

(4) प्रस्तुत काव्यांश में कवयित्री क्या प्रेरणा दे रही है? **1**

(क) राष्ट्र प्रेम की

(ख) कर्म करने की

(ग) धर्म करने की

(घ) कृषि करने की

(5) रात-दिन काम करनेवाले मनुष्यों के लिए कहा गया है - **1**

(क) कामचोर

(ख) धर्मवीर

(ग) कर्मशील

(घ) पंचशील

4. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर से सही विकल्प छाँटकर लिखिए - **5**

कहती है सारी दुनिया जिसे किस्मत,
नाम है उसका हकीकत में मेहनत।
जो रचते हैं, खुद अपनी किस्मत, वे कहे जाते हैं, साहसी,
जो करते हैं, ईश्वर से शिकायत, वे कहे जाते हैं, आलसी।
जो रुक गया, मिट गया उसका नामो-निशाँ,
जो चलता रहा, अपनी मंजिल वो पा गया।
खुशी के हकदार हैं वही, जिन्होंने दुख को सहा,
छोड़ के दामन फूलों का, काँटों की राह को चुना।
निराशा का अंधकार मिटाकर, आशा के दीप जलाओ,
छोड़ भाग्य की दुहाई, अपनी किस्मत स्वयं बनाओ।

(1) हकीकत में किस्मत किसे कहते हैं ? **1**

(क) सेहत

(ख) रहमत

(ग) मेहनत

(घ) सहमत

(2) जो अपनी किस्मत रचते हैं उन्हें क्या कहते हैं ? **1**

(क) साहसी

(ख) आलसी

(ग) रचयिता

(घ) मेहनती

(3) सच्चा खुशी का हकदार कौन है ? **1**

(क) सुख लेने वाला

(ख) दुख देने वाला

(ग) सुख सहने वाला

(घ) दुख सहने वाला

(4) किसका अंधकार मिटाना है ? **1**

(क) हताशा का

(ख) आशा का

(ग) निराशा का

(घ) भाषा का

(5) किसे छोड़ने पर किस्मत बनती है? **1**

(क) भाग्य की दुहाई

(ख) कर्म की दुहाई

(ग) धर्म की दुहाई

(घ) मर्म की दुहाई

खंड 'ख'

5. (क) निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में अकर्मक क्रिया प्रयुक्त हुई है? सही विकल्प चुनकर लिखिए – **1**

(i) ममता पुस्तक पढ़ती है।

(ii) दिनेश ने खाना खिलवाया।

(iii) लड़के चलने लगे।

(iv) सरकार अध्यापक को वेतन देती है।

(ख) 'कुसुम पानी <u>पी रही है</u>।' **1**

उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित क्रियाओं का भेद निम्नलिखित विकल्पों से सही विकल्प चुनकर लिखिए –

(i) अकर्मक क्रिया

(ii) सकर्मक क्रिया

(iii) अपूर्ण क्रिया

(iv) द्विकर्मक क्रिया

(ग) निम्नलिखित विकल्पों से अकर्मक क्रिया का सही विकल्प चुनकर लिखिए – 1

(i) बहना

(ii) बहो

(iii) बह

(iv) बहाना

(घ) 'कुछ लोग दूसरों को उपदेश देते हैं।' वाक्य में प्रयुक्त क्रिया का भेद निम्नलिखित विकल्पों से सही विकल्प चुनकर लिखिए – 1

(i) एक कर्मक

(ii) द्विकर्मक

(iii) अकर्मक

(iv) सकर्मक

6. (क) निम्नलिखित वाक्यों में से एक कर्मक क्रिया प्रयुक्त होने वाले वाक्य के सही विकल्प को चुनकर लिखिए – 1

(i) मनोरमा पुस्तक पढ़ रही है।

(ii) शिक्षक बच्चों को पढ़ाते हैं।

(iii) खिलाड़ी को बल्ला दे दो।

(iv) गीता ने महेश को गीत सुनाया।

(ख) 'मीना ने मुझे चाय पिलाई।' वाक्य में प्रयुक्त क्रिया भेद निम्नलिखित विकल्पों से सही विकल्प चुनकर लिखिए। 1

(i) अकर्मक

(ii) सकर्मक

(iii) द्विकर्मक

(iv) एक कर्मक

(ग) 'अब वह भागकर चढ़ जाया करता हैं।' वाक्य में प्रयुक्त मुख्य क्रिया निम्नलिखित विकल्पों से चुनकर लिखिए – 1

(i) भागकर

(ii) चढ़

(iii) जाया

(iv) करता है

(घ) निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में मुख्य क्रिया प्रयुक्त नहीं हुई है ? सही विकल्प चुनकर लिखिए – 1

(i) बाहर पानी बह रहा है।

(ii) वे रात भर घूमते हैं।

(iii) तुम हमेशा पढ़ते रहते हो।

(iv) इस तरह से सोकर नहीं जिया जाता।

7. (क) 'पक्षियों से उड़ा जा सकता हैं।' इस वाक्य में रेखांकित क्रियाओं के भेद का सही विकल्प निम्नलिखित विकल्पों से चुनकर लिखिए - 1

(i) सहायक क्रिया

(ii) मुख्य क्रिया

(iii) संयुक्त क्रिया

(iv) तीनों में कोई नहीं

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में संयुक्त क्रिया प्रयुक्त नहीं हुई है? सही विकल्प चुनकर लिखिए - 1

(i) वर्षा के कारण वह बीच में चला आया।

(ii) मैंने गीत गा लिया है।

(iii) राम क्रिकेट खेल चुका होगा।

(iv) उसने पत्र लिखा।

(ग) 'हम रोज फुटबाल खेला करते हैं।' वाक्य में रेखांकित क्रिया का भेद निम्नलिखित विकल्पों से सही विकल्प चुनकर लिखिए - 1

(i) मुख्य क्रिया

(ii) सहायक क्रिया

(iii) संयुक्त क्रिया

(iv) उपर्युक्त में कोई नहीं

(घ) निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में सहायक क्रिया प्रयुक्त नहीं हुई है? सही विकल्प चुनकर लिखिए - 1

(i) माँ ने खाना खाया।

(ii) माधुरी पुस्तक पढ़ती है।

(iii) बच्चे ने आइसक्रीम खाई।

(iv) मोर नाचा।

8. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त विशेषणों के भेद दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए - 1

(क) तोते की लाल चोंच है।

(i) परिमाणवाचक

(ii) गुणवाचक

(iii) संख्यावाचक

(iv) सार्वनामिक

(ख) डिब्बे में थोड़ी-सी चीनी है। 1

(i) सार्वनामिक

(ii) संख्यावाचक

(iii) अनिश्चित परिमाणवाचक

(iv) निश्चित संख्यावाचक

(ग) बरतन में चार सेब रखे हैं। **1**

(i) संख्यावाचक

(ii) गुणवाचक

(iii) परिमाणवाचक

(iv) सार्वनामिक

(घ) ये अंगूर बहुत खट्टे हैं। **1**

(i) गुणवाचक

(ii) सार्वनामिक

(iii) संख्यावाचक

(iv) परिमाणवाचक

9. निम्नलिखित वाक्यांशों में दिए गए रिक्त स्थानों को विकल्पों में दिए गए क्रिया विशेषणों से सही विकल्प चुनकर भरिए –

बड़ों के सामने ___(क)___ बोलो। मोहन को जयपुर ___(ख)___ जाना था। प्रभात ___(ग)___ खेल रहा है। इस बार वर्षा ___(घ)___ हुई।

(क) (i) मत **1**

(ii) कम

(iii) ज्यादा

(iv) मृदु **1**

(ख) (i) जरूर

(ii) परसों

(iii) कल

(iv) अभी **1**

(ग) (i) बाहर

(ii) भीतर

(iii) ऊपर

(iv) नीचे **1**

(घ) (i) कुछ

(ii) इतना

(iii) कम

(iv) अधिक **1**

खंड 'ग'

10. अब हालदार साहब को बात कुछ-कुछ समझ में आई। एक चश्मेवाला है जिसका नाम कैप्टन है। उसे नेताजी की बगैर चश्मेवाली मूर्ति बुरी लगती है। बल्कि आहत करती है, मानो चश्मे के बगैर नेताजी को असुविधा हो रही हो। इसलिए वह अपनी छोटी-सी दुकान में उपलब्ध गिने-चुने फ्रेमों में से एक नेताजी की मूर्ति पर फिट कर देता है। लेकिन जब कोई ग्राहक आता है और उसे वैसे ही फ्रेम की दरकार होती है जैसा मूर्ति पर लगा है तो कैप्टन चश्मेवाला मूर्ति पर लगा फ्रेम-संभवत: नेताजी से क्षमा माँगते हुए लाकर ग्राहक को दे देता है और बाद में नेताजी को दूसरा फ्रेम लौटा देता है।

उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर सही विकल्पों का चयन कीजिए - **5**

(i) कैप्टन कौन था ? **1**

(क) चश्मा बेचनेवाला

(ख) सेना की देखभाल करनेवाला

(ग) सेना का अधिकारी

(घ) मूर्ति बनानेवाला

(ii) किस की बगैर चश्मेवाली मूर्ति बुरी लगती है? **1**

(क) जवाहरलाल

(ख) नेता जी

(ग) गाँधी जी

(घ) सरदार जी

(iii) आहत शब्द का पर्यायवाची शब्द है - **1**

(क) मातहत

(ख) आहट

(ग) घायल

(घ) पायल

(iv) कैप्टन चश्मेवाला मूर्ति पर लगा फ्रेम किसको दे देता है ? **1**

(क) दुकानदार को

(ख) पथिक को

(ग) कृषक को

(घ) ग्राहक को

(v) कैप्टन द्वारा बार-बार मूर्ति पर चश्मा लगाना प्रकट करता है कि - **1**

(क) उसमें कर्मशीलता थी

(ख) उसमें देशभक्ति और त्याग की भावना थी

(ग) उसमें विद्रोह की भावना थी

(घ) उसमें श्रद्धा और सम्मान की भावना थी

अथवा

बेटे को आँगन में एक चटाई पर लिटाकर एक सफेद कपड़े से ढाँक रखा है। वह कुछ फूल तो हमेशा ही रोपते रहते, उन फूलों में से कुछ तोड़कर उस पर बिखरा दिए हैं; फूल और तुलसीदल भी। सिरहाने एक चिराग जला रखा है। और, उसके सामने जमीन पर ही आसन जमाए गीत गाए चले जा रहे हैं। वही पुराना स्वर, वही पुरानी तल्लीनता। घर में पतोहू रो रही है जिसे गाँव की स्त्रियाँ चुप कराने की कोशिश कर रही हैं। किंतु, बालगोबिन भगत गाए जा रहे हैं! हाँ, गाते - गाते कभी-कभी पतोहू के नजदीक भी जाते और उसे रोने के बदले उत्सव मनाने को कहते। आत्मा परमात्मा के पास चली गई, विरहिनी अपने प्रेमी से जा मिली, भला इससे बढ़कर आनंद की कौन बात ? मैं कभी-कभी सोचता, यह पागल तो नहीं हो गए। किंतु नहीं, वह जो कुछ कह रहे थे उसमें उनका विश्वास बोल रहा था - वह चरम विश्वास जो हमेशा ही मृत्यु पर विजयी होता आया है।

उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर सही विकल्पों का चयन कीजिए - **5**

(i) बालगोबिन भगत ने बेटे को कहाँ लिटाकर रखा है ? **1**

(क) आँगन में एक चारपाई पर

(ख) आँगन में एक चादर पर

(ग) आँगन में मेज पर

(घ) आँगन मे एक चटाई पर

(ii) बालगोबिन के बेटे को क्या हो गया था ? **1**

(क) जन्म

(ख) मृत्यु

(ग) त्रस्त

(घ) पस्त

(iii) बेटे की मृत-देह के पास बालगोबिन क्या कर रहे हैं ? **1**

(क) गीत गा रहे हैं

(ख) नृत्य कर रहे हैं

(ग) घूम रहे हैं

(घ) झूम रहे हैं

(iv) अपनी पतोहू को बालगोबिन क्या समझाते हैं ? **1**

(क) रोने के लिए कहते हैं

(ख) रोने से मना करते हैं

(ग) बात करने से मना करते हैं

(घ) गम मनाने के लिए कहते हैं

(v) लेखक बालगोबिन के संबंध में क्या सोचता है ? **1**

(क) बालगोबिन पागल तो नहीं हो गए हैं

(ख) बालगोबिन होशियार तो नहीं हो गए हैं

(ग) बालगोबिन वाचाल तो नहीं हो गए हैं

(घ) बालगोबिन वेद ज्ञाता तो नहीं हो गए हैं

11. निम्न प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए – **2x5=10**

(क) 'लखनवी अंदाज' पाठ को आप और क्या नाम देना चाहेंगे ? और क्यों ? **2**

(ख) कैप्टन के प्रति पानवाले की निम्न टिप्पणी पर अपने विचार लिखिए – **2**

''वो लँगड़ा क्या जाएगा फ़ौज में। पागल है पागल!''

(ग) पाठ के आधार पर बालगोबिन भगत के मधुर गायन की विशेषताएँ लिखिए। **2**

(घ) 'नेताजी का चश्मा' पाठ का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। **2**

(ङ) बालगोबिन भगत की संक्षिप्त पहचान लिखिए। **2**

12. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए एवं उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए – **5**

हरि हैं राजनीति पढ़ि आए।
समुझी बात कहत मधुकर के, समाचार सब पाए।
इक अति चतुर हुते पहिलैं ही, अब गुरु ग्रंथ पढ़ाए।
बढ़ी बुद्धि जानी जो उनकी, जोग-सँदेस पठाए।
ऊधौ भले लोग आगे के, पर हित डोलत धाए।
अब अपनै मन फेर पाइहैं, चलत जु हुते चुराए।
ते क्यौं अनीति करैं आपुन, जे और अनीति छुड़ाए।
राज धरम तो यहै 'सूर' जो प्रजा न जाहिं सताए।।

(i) गोपियों ने 'बढ़ी बुद्धि जानी' से क्या कहना चाहा हैं ? **1**

(ii) पुराने जमाने में सज्जन क्या किया करते थे ? **1**

(iii) गोपियाँ क्या पाना चाहती थी ? **1**

(iv) कृष्ण ब्रज क्षेत्र से मथुरा जाते समय अपने साथ क्या ले गए थे ? **1**

(v) सच्चा राज धर्म किसे माना गया है ? **1**

अथवा

किंतु कहीं ऐसा न हो कि तुम ही खाली करने वाले -

अपने को समझो, मेरा रस ले अपनी भरने वाले।

यह विडंबना! अरी सरलते तेरी हँसी उड़ाऊँ मैं।

भूलें अपनी या प्रवंचना औरों की दिखलाऊँ मैं।

उज्ज्वल गाथा कैसे गाऊँ, मधुर चाँदनी रातों की।

अरे खिल-खिला कर हँसते होने वाली उन बातों की।।

उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **5**

(i) कवि ने किसका रस लेने की बात कही है? **1**

(ii) खाली करनेवाला किसे कहा गया है? **1**

(iii) कवि अपनी कथनी के द्वारा क्या दिखाना चाहता है ? **1**

(iv) अनुप्रास अलंकार का एक उदाहरण लिखिए। **1**

(v) कवि किस गाथा को नहीं गाना चाहता ? **1**

13. निम्न प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए - **5**

(i) फागुन में ऐसा क्या होता है जो बाकी ऋतुओं से भिन्न होता है? **2**

(ii) गोपियों ने उद्धव से योग की शिक्षा कैसे लोगों को देने की बात कही है ? **2**

(iii) 'आत्मकथ्य' कविता की विशेषताएँ लिखिए। **1**

14. बच्चे माता-पिता के प्रति अपने प्रेम को कैसे अभिव्यक्त करते हैं ? **5**

अथवा

नाक मान-सम्मान व प्रतिष्ठा का द्योतक है। यह बात पूरी व्यंग्य रचना में किस तरह उभरकर आई हैं ? लिखिए।

खंड 'घ'

पत्र-लेखन

15. हिंदी के 'हिन्दुस्तान' समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए जिसमें देश में लड़कियों की घटती जनसंख्या पर चिंता प्रकट की गई हो। **5**

अथवा

अपने जन्म-दिवस पर मित्र द्वारा भेजे गए उपहार के लिए धन्यवाद-पत्र लिखिए।

16. नीचे दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर निबंध लिखें। **5**

वनों का महत्त्व

वनों के वरदान ------- पर्यावरण - संरक्षण में वनों की भूमिका ------- बाढ़ और सूखे से रक्षा ------ प्रदूषण पर रोक -------पशु-पक्षियों के रक्षक ------- अन्य अनेक उपयोग

अथवा

'खेलू-कूद प्रतियोगिता' - लाभ-हानि

खेलकूद प्रतियोगिताओं की प्राचीन परंपरा ------- प्रतियोगिताओं के लाभ ------- प्रतियोगिताओं की हानियाँ ------- उपसंहार।

- o O o -